स्वस्थ भारत यात्रा जिले में प्रवेश करेगी कल

Bhilwara News - भीलवाड़ा | स्वस्थ भारत यात्रा 20 दिसंबर को हमीरगढ़ से जिले में प्रवेश करेगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं...

Dainik Bhaskar

Dec 19, 2018, 03:56 AM IST

भीलवाड़ा | स्वस्थ भारत यात्रा 20 दिसंबर को हमीरगढ़ से जिले में प्रवेश करेगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर जनता को समर्पित साइकिल यात्रा संतुलित भोजन के प्रति जागरूकता फैलाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाॅ. जेसी जीनगर ने बताया कि स्वस्थ भारत यात्रा 20 दिसंबर को हमीरगढ़ से भीलवाड़ा में प्रवेश करेगी। वीडियो वैन के साथ 50 साइकिल सवारों का स्वागत किया जाएगा। शाम 6 बजे मुखर्जी उद्यान में दल का सम्मान समारोह होगा। जिसमें कलेक्टर शुचि त्यागी व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गजेंद्रसिंह राठौड़ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। 21 दिसंबर को प्रभात फेरी निकलेगी।